दिनांक-23जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक मे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा

जैव विविधता प्रबंधन समिति नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी दुर्ग के कक्ष में श्रीमती मालती ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई। उक्त बैठक में जैव विविधता से संबंधित किये जाने वाले निम्नानुसार कार्यों के जिम्मदारी संबंध में चर्चा किया गया। अपने क्षेत्राधिकार में जैविक संसाधनों का संरक्षण व धारणीय उपयोग, अपने क्षेत्राधिकार में जैविक संसाधनों तक गैर कानूनी पहुंच पर रोक, आवश्यकतानुसार जैव विविधता प्राधिकरण चेन्नई व अन्य जैव विविधता बोर्ड रायपुर अनुसार राय देना, अधिनियम के प्रावधानों के अनुरुप अपने क्षेत्राधिकार में जैव संसाधनों तक पहुंच/उनके संग्रहण शुल्क आरोपित करना, स्थानीय वैद्यो व जैव संसाधनों का इस्तेमाल करने वाले चिकित्सकों के संबंध में जानकारियों का संधारण, जैविक संसाधनों तक पहुंच एवं उपलब्ध करवाएं गए पारंपरिक ज्ञान के विवरण सहित आरोपित शुल्कों, उनसे प्राप्त राशि व लाभ से संबंधित सूचनाओं की पंजी का संधारण, जैव विविधता प्रबंधन समिति जैव विविधता व उससे जुड़े पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण के संबंध में चर्चा किया गया। बैठक में जैव विविधता प्रबंधन समिति के सचिव श्री अब्दुल वाहिद खान , सदस्य डॉ. सोनाली चक्रवर्ती, श्री प्रेम साहू , श्री भरत भामवानी उपस्थित रहे।

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी